SWASTIK NEWS

सफीदों से प्रकाशित मासिक हिन्दी समाचार पत्र

# स्वास्तिक न्यूज

संपादक : विनय दिवान (मो. 94160-73460) उप संपादक : अभिषेक दिवान (मो. 74047-09000)

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | सोमवार 11 मार्च, 2024 | वर्ष:03 | अंक :05 | प्रति शुल्क:2/- | RNI No. HARHIN/11380

swastiknews.in | //facebook.com/swastiknews | YouTube swastiknews

स्वास्तिक न्यूज एजेंसी में नाम परिवर्तन, बेदखली और अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
M: 7404709000
M: 9416073460

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कांग्रेस युवा नेता देवेंद्र सहरावत ने सैकड़ो महिलाओं को किया सम्मानित

# महिलाओं का सम्मान ही देश का सम्मान: कुमारी शैलजा















(स्वास्तिक न्यूज संजय )सफीदों:

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर कांग्रेस युवा नेता देवेंद्र सहरावत द्वारा सैकड़ो महिलाओं को अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम सफीदों के हॉट रोड़ स्थित सिटी पार्क में आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस में
पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ
कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जिनका कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले हजारों युवाओं ने बाइक यात्रा निकालकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस युवा नेता देवेंद्र सहरावत ने पुष्प गुच्छे देकर व पगड़ी पहनाकर उनका वेलकम किया। साथ ही उनके समर्थक युवाओं व महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा करके सफीदों पहुंचने पर उनका आभार प्रकट किया। बालाजी हॉस्पिटल के संचालक एवं कांग्रेस युवा नेता देवेंद्र सहरावत ने मुख्य अतिथि बहन कुमारी शैलजा के साथ हाथ से हाथ बढ़ाते हुए सफीदों क्षेत्र में अलग-अलग गतिविधियों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए कुमारी शैलजा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान ही देश व समाज का असली सम्मान है। जिस समाज में महिलाओं का सम्मान होता है, वह समाज आगे बढ़ता है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि महिला दिवस पर देवेंद्र सहरावत द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देने के लिए भी संघर्ष कर रहीं महिलाओं को अमर उजाला के साथ मिलकर सम्मानित करने का काम किया है। आज देश की आधी आबादी महिलाओं की है। यदि महिला शिक्षित होगी तो वह दो परिवारों की जिंदगी सुधारेगी। आज बहुत से लोग हैं, जो अपनी तरक्की के पीछे महिलाओं का हाथ बताते हैं। वह पत्नी के रूप में, बहन के रूप में तथा माता के रूप में हर कामयाब आदमी के पीछे होती हैं। अब महिलाएं भी विकास और तरक्की का माध्यम बन रही कार्यक्रम में सहयोगी बालाजी अस्पताल के संचालक डॉ. देवेंद्र सहरावत ने कहा कि कांग्रेस युवा देवेंद्र सहरावत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर सफीदों क्षेत्र की लगभग 600 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाने के लिए सम्मानित किया। वह हमेशा ही महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करते रहे हैं। पिल्लूखेड़ा तथा सफीदों में समाजसेवी के लिए वह हमेशा तैयार रहते हैं। यदि महिलाएं आगे बढ़ेंगे तो पुरुषों का भी नाम होगा। इसलिए हमें अपनी बेटियों को शिक्षित करने की जरूरत है, उनको मौका देने की जरूरत है, वह आगे अपने आप बढ़ जाएंगी। देश की पहली महिला शिक्षिका साबित्रीबाई फुले ने विपरीत परिस्थितियों में देश का नाम रोशन किया है। आज महिलाएं गर्व के साथ आगे बढ़ रही हैं। समाजसेवा का क्षेत्र हो, नौकरी का क्षेत्र हो या फिर खुद का रोजगार का मामला हो, महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जब-जब महिलाओं को, बहनों को मौका मिलता है, चाहे कोई भी अवसर हो जैसे खेल का, हमारी बहनों ने हमारा नाम रोशन किया है। खासकर हरियाणा की बेटियों ने खेलों में हरियाणा का नाम रोशन किया है। यदि हम अपनी बहनों, बेटियों को मौका दें तो वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ती हैं।

### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह

# 'सभी अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहें तथा समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें'



सफीदों :- अभिषेक दीवान
स्वास्तिक न्यूज

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों में रविवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर योगेंद्र पाल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी देवेंद्र सहरावत ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि एनिमल हसबेंडरी विभाग के एसडीओ डॉ.बलजीत उपस्थित रहे। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित करके व सरस्वती माता की वंदना करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मंत्र उच्चारण हिंदी प्राध्यापक तेजबीर शर्मा व मंच संचालन हिंदी प्राध्यापक वीरेंद्र सिंह मलिक द्वारा किया गया। प्राचार्य डा.योगेंद्र पाल सिंह ने सभी पूर्व विद्यार्थियों को एल्यूमिनी मीट का महत्त्व बताते हुए स्कूल की उन्नति में उनके योगदान के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि आप सभी अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहें तथा समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें। प्राचार्य ने बताया कि हमारे विद्यालय के पूर्व छात्र सभी बड़े-बड़े उच्च पदों पर आसीन हैं। प्राचार्य ने स्कूल की उपलब्धियां भावी लक्ष्यों पर भी प्रकाश डाला। मुख्यातिथि देवेंद्र ने बताया कि सरकारी स्कूल में इस प्रकार का जो पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया है इसके लिए मैं बहुत खुश हूं।

जिन्होंने बहुत अच्छी शुरूआत की है। हरियाणा के दूसरे विद्यालय भी इसका अनुसरण करेंगे। हमारे विद्यालय ने पूरे हरियाणा में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। यहां का स्टाफ बहुत ही मेहनती है।

कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने विद्यार्थी व वर्तमान जीवन के अनुभवों को साझा किया। समारोह में विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य तथा विद्यालय के प्राध्यापक हरिओम शर्मा, राजेश शर्मा, और नवीन शर्मा और मंजू द्वारा हरियाणवी रागनी की प्रस्तुति दी गई।

# पिल्लूखेड़ा में लगा फ्री हेल्थ कैंप, 200 मरीजों का किया चेकअप




सफीदों :- अभिषेक दीवान
स्वास्तिक न्यूज।

पिल्लूखेड़ा के जामनी रोड पर स्थित बालाजी अस्पताल में रविवार को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। जहां पर चिकित्सकों की टीम ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए 200 लोगों का फ्री चेकअप, दवाईयां वितरित की गई।

#### इस कैंप के आयोजन का मकसद ग्रामीण

क्षेत्रों के लोगों को नजदीक ही बेहतर सेवाएं देना था। कैंप के आयोजक अस्पताल के संचालक देवेंद्र सहरावत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं। इसके कारण लोगों को दूर दराज के क्षेत्र में जाना पड़ता हैं, लेकिन वह ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए उनके नजदीक ही कैंप लगाए जाते हैं। जहां पर चेकअप के अलावा मरीजों को उनकी तरफ से मुफ्त दवाइयां दी जाती हैं।
वह अब-तक सफीदों हलके के करीब दो दर्जन गांवों में इस तरह के कैंपों का आयोजन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह ग्रामीण पृष्टभूमि से जुड़े हुए हैं और ग्रामीण आंचल में आने वाली दिक्कतों को अच्छी तरह से समझते हैं, इसलिए लोगों की सेवा के लिए इस तरह के कैंपों का आयोजन किया जाता हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि जनता को स्वास्थ्य सेवाएं देने का जिम्मा सरकार का हैं, लेकिन सरकार इसमें नाकाम साबित हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कहने को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले हुए हैं, लेकिन वहां न तो चिकित्सक तैनात हैं और न ही स्टाफ हैं। ऐसे में काफी गरीब लोग अपना इलाज तक नहीं करवा पाते हैं। इसलिए ऐसे लोगों की सहायता के लिए कैंप लगाएं जा रहे हैं

# भक्ति योग आश्रम में दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव संपन्न

## महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की आराधना का पर्व: डा. शंकरानंद



**स्वास्तिक न्यूज, सफीदों, विशाल**
उपमंडल के गांव सरनाखेड़ी स्थित भक्ति योग आश्रम में दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस समारोह में स्वामी डा. शंकरानंद सरस्वती का सानिध्य प्राप्त हुआ। वहीं साध्वी मोक्षिता व साध्वी अराधिका विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोचारण के बीच भगवान शंकर की पूजा अर्चना व ब्रह्मचारिणी दीक्षा ग्रहण करके साध्वी अराधिका ने सन्यास दीक्षा ली। इस महोत्सव में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचारण के बीच भगवान मृत्युंजय महादेव की चारों पहर की पूजा की गई। वहीं रात्रि को शिव जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में श्रद्धालु भक्तिमय गीतों पर जमकर झूमे। शनिवार सुबह विशाल हवन किया गया। हवन में क्षेत्रभर से जुटे श्रद्धालुओं ने अपनी आहुतियां डालकर क्षेत्र व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

उसके उपरांत सुंदरकांड का संगीतमय पाठ हुआ। कार्यक्रम के समापन सत्र में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अपने संबोधन में स्वामी डा. शंकरानंद सरस्वती ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यूं तो हर महीने में शिवरात्रि आती है, लेकिन फाल्गुन मास में आने वाली महाशिवरात्रि का खास महत्व होता है।

वास्तव में महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की आराधना का ही पर्व है। इस विशेष दिन ही ब्रह्मा के रूद्र रूप में मध्यरात्रि को भगवान शंकर का अवतरण हुआ था। इसी दिन भगवान शिव ने तांडव करके अपना तीसरा नेत्र खोला था और ब्रह्मानंड को इस नेत्र की ज्वाला से समाप्त किया था। इस पावन दिन भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ था

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामलों की जांच के विज ने दिए आदेश

स्वास्तिक न्यूज संवादाता।

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंबाला छावनी में अपने आवास पर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान विदेश भेजने के नाम पर ठगी के कुछ मामले आए जिन पर गृह मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को जांच के निर्देश दिए। कुरुक्षेत्र से आए फरियादी ने बताया कि एजेंट ने उसे न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर उससे छह लाख रुपए की ठगी की, इसी प्रकार कैथल निवासी युवक को भी न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर एजेंट ने उससे पांच लाख रुपए की ठगी की। कैथल निवासी फरियादी ने बताया कि उसके भाई को इंग्लैंड भेजने के नाम पर एजेंटों ने उससे चार लाख रुपए ठगे। वहीं, कुरुक्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि एजेंट ने उसे इटली भेजने के नाम पर उससे दस लाख रुपए की ठगी की। गृह मंत्री अनिल विज ने सभी मामलों में एसआईटी को जांच सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। अम्बाला निवासी महिला ने पति व ससुराल पक्ष पर उससे मारपीट करने के आरोप लगाए जिस पर गृह मंत्री ने एसपी, अम्बाला को कार्रवाई के निर्देश दिए। जींद निवासी परिवार ने गृह मंत्री को बताया कि उनके घर का रास्ता कुछ लोगों ने रोका हुआ है। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी, जींद को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, फतेहाबाद से आई महिला ने छेड़छाड़ मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी, अम्बाला निवासी परिवार ने प्लाट के नाम पर धोखाधड़ी होने, हिसार निवासी महिला ने प्रापर्टी खरीदने के नाम पर उससे 16.50 लाख रुपए की ठगी, हिसार से आए फरियादी ने चोरी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने, फतेहाबाद निवासी महिला ने प्रापर्टी डीलर द्वारा उनसे प्लाट के पूरे पैसे लेने के बावजूद प्लाट की रजिस्टरी नहीं कराने व अन्य शिकायत गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष आई जिन पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### डबवाली से आए वकीलों ने गृह मंत्री को ज्ञापन दिया

डबवाली से आए कई वकीलों ने गृह मंत्री अनिल विज को ज्ञापन देते हुए मांग उठाई कि एडिशनल सेशन जज की स्थाई अदालत की स्थापना डबवाली में की जाए। इसके अलावा, उन्होंने सिरसा व डबवाली पुलिस को बराबर गांवों के आंवटन की मांग भी गृह मंत्री अनिल विज से की। गृह मंत्री ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन वकीलों को दिया।

## खबर एक्सप्रेस

### वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल ने किया महिलाओं को सम्मानित

**स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा, सफीदो:** वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल द्वारा नगर के नागक्षेत्र मंदिर हॉल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष यशपाल सूरी ने की। इस मौके पर शिक्षाविद् गुलाब सिंह किरोड़ीवाल व समाजसेवी सुल्तान सिंह बेनीवाल ने विशेष रूप से शिरकत की। संस्था की महिला विंग की अध्यक्षा सरोज भ्भाटिया ने आई हुई महिलाओं का जोरदार अभिनंदन किया। इस मौके पर संस्था से जुड़ी सभी महिला पदाधिकारियों व सदस्यों को फूलों की मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि महिलाएं इस समाज की धूरी है। महिलाओं के बिना इस समाज की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। महिलाएं बगैर किसी लोभ लालच के अपने परिवार को समर्पित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि हर आदमी की कामयाबी के पीछे महिला का अहम योगदान होता है। एक महिला मां, बहन, पत्नी, दोस्त व हर रूप में अपनी हर भूमिका सफलतापूर्वक निवर्हन करती है। महिला शक्ति वास्तव में नमन के योग्य है।

### ढुकराल स्कूल लोहारू में आयोजित स्कॉलरशिप टेस्ट में 3872 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**स्वास्तिक न्यूज संवादाता, लोहारू:** रविवार को स्थानीय ढुकराल पब्लिक स्कूल में ह्यअपनी प्रतिभा को पहचानो और आकर्षक इनाम पाओह्व स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें लोहारू क्षेत्र के अनेक गांवों से लगभग 3872 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्कूल निदेशक नरेश ढुकराल ने बताया कि अभिभावकों ने सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करवाकर न केवल विद्यालय के प्रति अपनी आस्था जताई, बल्कि उन्होंने ढुकराल स्कूल के परीक्षा परिणामों व प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों द्वारा हासिल सफलता की भी प्रशंसा की। उन्होंने स्कॉलरशिप टेस्ट में आए विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों की बौद्धिक क्षमता का आंकलन करना होता है। परीक्षा में कोई असफल नहीं होता, बल्कि इससे विद्यार्थी को अपनी गलतियों को सुधारने तथा अपने व्यक्तित्व को निखारने का मौका मिलता है। प्रधानाचार्या सरोज शर्मा ने भी सभी अभिभावकों का स्वागत किया तथा विश्वास दिलाया कि लोहारू क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को देश की सर्वोत्तम सेवाओं तक पहुंचाने का काम ढुकराल पब्लिक स्कूल करेगा। इस मौके पर जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या ने कहा कि स्कॉलरशिप टेस्ट को पास करने वाले विद्यार्थियों के लिए मेरिट के आधार पर पुरस्कार देने का प्रावधान रखा गया है। प्रथम पुरस्कार के रूप में लेपटॉप, द्वितीय पुरस्कार साइकिल, तृतीय पुरस्कार में स्कूल बैग के साथ स्टेशनरी सामान, स्मार्ट वाच, रिस्ट वॉच व डिक्सनरी देकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन ताराचन्द ढुकराल, स्कूल निदेशक नरेश ढुकराल, शशी ढुकराल, डा.चारु ढुकराल, सुखवंती, मुकेश शर्मा, निखिल, अन्तर, दर्शना श्योराण, सविता नरवाल, सविता शर्मा व अभिभावकों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### विकास योजनाओं के उद्घाटन समारोह पर हुई सभी तैयारियां पूरी

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुरुग्राम आकर हरियाणा को द्वारका एक्सप्रेस-वे के रूप में नई सौगात देंगे। प्रधानमंत्री के गुरुग्राम आगमन की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ लगते सेक्टर-84 के मैदान में उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री के स्वागत सत्कार के लिए गुरुग्राम पूरी तरह से तैयार है। सोमवार 11 मार्च को उद्घाटन समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बसई रोड पर रोड शो कर क्षेत्र की जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मौजूद रहेंगे। उद्घाटन समारोह स्थल में 36 सेक्टर बनाए गए हैं। इसके अलावा आठ पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसमें मीडिया कर्मियों के प्रवेश, सरकारी वाहनों तथा वीआईपी वाहनों के लिए अलग से पार्किंग बनाई गई है। आम जन को समारोह स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी ना हो, इसके लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बना दिए गए हैं।

## अवैध शराब के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

# 4 वाहनों को किया जब्त, 44 गिरफतार: विज



**स्वास्तिक न्यूज संवादाता**
चंडीगढ़ हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो (एच.एस.ई.एन.बी.) द्वारा अवैध शराब व कच्ची शराब जैसी गैर कानूनी गतिविधियो पर शिंकजा कसने के लिए गत 09 मार्च, 2024 को प्रदेश के 22 जिलों में एक साथ लक्षित छापेमारी की गई। इस विशेष अभियान के दौरान कुल 45 अभियोग अंकित किये गये तथा 04 वाहनों को जब्त कर 44 व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। इस अभियान के दौरान 345 लीटर लाहन, 41.8 लीटर कच्ची शराब, 1021.75 बोतल देसी शराब और 490.5 बोतल अंग्रेजी शराब व 504 बोतल बीयर की जब्त की गई।

उन्होंने बताया कि अवैध शराब के लिए अंबाला, कुरूक्षेत्र, पंचकूला, यमूनानगर, फरीदाबाद, पलवल, नूह, गुरूग्राम, महेन्द्रगढ, रेवाडी, फतेहाबाद, जींद, हिसार, सिरसा, करनाल, पानीपत, कैथल, झज्जर, चरखी-दादरी, रोहतक, सोनीपत व भिवानी सहित कुल 22 जिलों मे छापेमारी की गई। छापेमारी का यह विशेष अभियान शांतिपूर्ण और बिना किसी तनाव के सम्पन्न हुआ।

श्री विज ने बताया कि इस अभियान के दौरान कच्ची शराब व लाहन के लिए कुल 7 एफआईआर दर्ज की गई जिसके तहत पलवल में एक एफआईआर दर्ज कर 35 लीटर लाहन, जींद में एक एफआईआर दर्ज कर 4.5 लीटर कच्ची शराब, हिसार में एक एफआईआर दर्ज कर 22.5 लीटर कच्ची शराब, करनाल में 2 दो एफआईआर दर्ज कर 310 लीटर लाहन और कैथल में 2 एफआईआर दर्ज कर 14.8 लीटर कच्ची शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है।

गृह मंत्री ने बताया कि अवैध शराब के मामले में अंबाला में दो एफआईआर दर्ज कर 52 बोतल देसी शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कुरूक्षेत्र में एक एफआईआर दर्ज कर 10 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पंचकूल में एक एफआईआर दर्ज कर 9 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यमुनानगर में एक एफआईआर दर्ज कर 19 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद में 5 एफआईआर दर्ज कर 37 बोतल अंग्रेजी शराब और 51.75 बोतल देसी शराब बरामद कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पलवल में एक एफआईआर दर्ज कर 22 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नूंह में 4 एफआईआर दर्ज कर 14 बोतल देसी शराब और 120.25 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 12 बोतल बीयर बरामद कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इसी प्रकार, गुरूग्राम में दो एफआईआर दर्ज कर 60 बोतल अंग्रेजी शराब और 31.25 बोतल देसी शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफतार किया है। महेन्द्रगढ में 2 एफआईआर दर्ज कर 13 बोतल अंग्रेजी व 22 बोतल देसी शराब बरामद कर 2 आरोपियों को गिरफतार किया है। रेवाडी में 2 एफआईआर दर्ज कर 14 बोतल देसी शराब, 36 बोतल अंग्रेजी शराब व 48 बोतल बीयर की बरामद कर दो आरोपियों को गिरफतार किया है।

फतेहाबद में एक एफआईआर दर्ज कर 15 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफतार किया है। जींद में 3 एफआईआर दर्ज कर 57 बोतल देसी शराब बरामद कर 4 आरोपी को गिरफतार किया है। हिसार में एक एफआईआर दर्ज कर 15 बोतल देसी शराब बरामद कर 2 आरोपी को गिरफतार किया है। उन्होंने बताया कि सिरसा में दो एफआईआर दर्ज कर 155 बोतल देसी शराब, 24.5 बोतल अंग्रेजी बरामद कर 2 आरोपी को गिरफतार किया है। करनाल में एक एफआईआर दर्ज कर 11 बोतल देसी शराब बरामद कर 3 आरोपी को गिरफतार किया है। पानीपत में एक एफआईआर दर्ज कर 11 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफतार किया है। कैथल में दो एफआईआर दर्ज कर 14.8 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 2 आरोपी को गिरफतार किया है। झज्जर में एक एफआईआर दर्ज कर 186 बोतल अंग्रेजी, 12 बोतल देसी शराब और 432 बीयर बरामद कर एक आरोपी को गिरफतार किया है। चरखी-दादरी में एक एफआईआर दर्ज कर 56 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफतार किया है। रोहतक में 2 एफआईआर दर्ज कर 54 बोतल देसी शराब बरामद कर 2 आरोपी को गिरफतार किया है। सोनीपत में 2 एफआईआर दर्ज कर 120 बोतल अंग्रेजी, 230.5 बोतल देसी शराब और 12 बोतल बीयर बरामद कर 2 आरोपी को गिरफतार किया है। भिवानी में 2 एफआईआर दर्ज कर 54 बोतल देसी शराब बरामद कर 2 आरोपी को गिरफतार किया है।

हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के एडीजीपी डॉ. ए.एस. चावला ने कहा कि गृह मंत्री के निदेर्शानुसार ऐसे असामाजिक तत्वों को एक साथ कई स्थानों पर निशाना बनाने से सकारात्मक परिणाम होगें तथा ब्यूरो द्वारा भविष्य में भी अवैध शराब, अवैध खनन तथा बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार के अभियान चलाते हुए आरोपियों/दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा सरकार नहीं होती तो धारा-370 नहीं हटती: मुख्यमंत्री

**गुरुग्राम।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। सनातन संस्कृति को सम्मान मिला है। भाजपा की सरकार नहीं होती तो जम्मू कश्मीर से कोई धारा-370 नहीं हटा सकता था। मोदी सरकार से पहले जम्मू-कश्मीर में 40 हजार लोगों की निर्मम हत्या हुई। यह बात उन्होंने गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में कलस्टर की बैठक को संबोधित करते हुए कही। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का कार्यालय पहुंचने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल नूंह में आयोजित कार्यक्रम के बाद गुरुकमल कार्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने पहुंचे थे। बैठक की शुरूआत मोहन यादव ने दीप प्रज्जवलित कर की। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों के साथ-साथ पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा की और चुनाव प्रबंधन की बातें बताई। मोहन यादव ने कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से पूरी तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। कलस्टर की इस बैठक में गुरुग्राम, फरीदाबाद और महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के चुनाव प्रबंधन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।
मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि हम भगवान राम और कृष्ण की संस्कृति को मानने वाले लोग हैं।

## इलाज के दौरान युवक की मौत: परिजनों ने लगाया जहर खिलाने और लूटपाट करने का आरोप

स्वास्तिक न्यूज संवादाता



**कैथल:** कैथल के नजदीकी गांव पाडला निवासी अमन की इलाज के दौरान मौत होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने अज्ञात पर जबरन जहर देने और लूटपाट का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार अमन कौशल रोजगार के तहत बेलदार के पद पर कार्यरत था और कल जैसे ही लघु शंका के लिए रुका तो पीछे से आए अज्ञात आरोपियों ने जबरन जहर खिला दिया और पैसे की लूटपाट कर ले गए। मौके पर पहुंचे परिजनों से कैथल के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## वूमेन एरा फाऊंडेशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# समाज में नारी के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता: नरेश सिंह बराड़

विशाल स्वास्तिक न्यूज



**सफीदों:** महिलाओं को समर्पित संस्था वूमेन एरा फाऊंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी एवं शिक्षाविद् नरेश बराड़ व समाजसेविका उषा बराड़ ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की फाऊंडर गीतांजलि कंसल ने की। इस मौके पर अतिथियों का बुके देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से महिलाओं को सम्मानित करके समाज में उनके योगदान को नमन किया गया। इसके साथ-साथ संस्था के द्वारा संचालित सैंटर पर कोर्स को पूरा करने वाली लड़कियों को डिप्लोमे प्रदान किए गए। वहीं महिलाओं के द्वारा दी गई कोमल है कमजोर नहीं पर औरत विषय पर दी गई प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि समाजसेवी एवं शिक्षाविद् नरेश बराड़ ने उपस्थित सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि महिला दिवस को मनाने का उद्देश्य महिलाओं को समाज में बराबरी का हक दिलाना है।

### युवा जिला महामंत्री बनते ही युवराज वर्मा ने शुरू किया युवा चौपाल कार्यक्रम




स्वास्तिक न्यूज/ विशाल

युवराज वर्मा ने अपनी विधानसभा क्षेत्र सफीदों से राष्ट्रीय कार्यक्रम युवा चौपाल का आगाज किया जिसमें युवराज वर्मा जिला महामंत्री ने युवाओं को बताया की युवा एक ऐसी शक्ति है जो किसी भी काम को करवाने की क्षमता रखते है। युवा चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के हित में आने वाली जानकारी देने का प्रयत्न किया और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा राजनीति में भागीदारी करने का एक आवाहन किया साथ ही युवराज वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के नारे को युवा चौपाल के माध्यम से युवाओं को इस बात के लिए एकजुट किया और बताया कि युवा किसी भी देश की रीड की हड्डी है युवाओं के सहारे ही कोई भी पार्टी हो कोई भी कार्यक्रम हो युवा की भागीदारी हर कार्यक्रम में अनिवार्य है। युवा चौपाल एक माध्यम है जिससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सरकार की नीतियों के बारे में जानकारी मिले आने वाले नव-मतदाता को यह मालूम पड़े कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं के लिए कितना कार्य कर रही है युवा चौपाल एक कार्यक्रम ही नहीं युवा चौपाल एक माध्यम है जिसे युवाओं को राजनीति में जागरूक किया जाए भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जो युवाओं के लिए हर समय तैयार रहती है।

## माता-पिता और अतिथि का सत्कार भी महायज्ञ : डॉ. चौहान

# दिव्य योग धर्म विज्ञान मंदिर में मानस पाठ और यज्ञ संपन्न

स्वास्तिक न्यूज संवादाता



दिव्य योग धर्म विज्ञान मंदिर में हवन यज्ञ करते हुये डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान

**असंध:** हमारे शास्त्रों में यज्ञ को संसार का श्रेष्ठतम कर्म माना गया है। केवल अग्निहोत्र ही यज्ञ नहीं होता। स्वाध्याय, अतिथिसेवा और माता पिता की सेवा सुश्रुषा भी यज्ञ ही हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने यहाँ निमार्णाधीन दिव्य योग धर्म विज्ञान मंदिर में राम चरित मानस के अखंड पाठ के उपलक्ष्य में आयोजित यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

हरियाणा ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ चौहान ने कहा कि हमारे यहाँ जो पाँच प्रकार के यज्ञ बताए गए हैं उन में अन्य प्राणियों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था करना भी एक प्रकार का यज्ञ माना गया है। भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत वर्ष एक बार फिर से अपनी गौरवमयी प्राचीन संस्कृति की ओर लौट रहा है।

अपनी जड़ों की ओर लौटता हुआ भारत हर मोर्चे पर मजबूत होता हुआ देखा जा सकता है। आर्थिक रूप से आज भारत विश्व की पांचवीं बड़ी महाशक्ति बन चुका है तो सामरिक रूप से भारत की सेना और भारत के तिरंगे का सामर्थ्य आज सारी दुनिया को अपने सामने नतमस्तक कर पा रहा है।

उन्होंने यज्ञ में शामिल लोगों से कहा कि वे अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दर्शन के लिए अवश्य जाये। निमार्णाधीन मंदिर के संचालक शास्त्री सत्यनारायण कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोई साधारण मनुष्य न होकर दिव्य विभूति है। उन्होंने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि हम भारत के उत्थान काल के साक्षी बन रहे हैं।

इस अवसर पर बृजभूषण कौशिक, श्याम लाल वशिष्ठ, अनिल मान, देवेंद्र कौशिक, कुलदीप शर्मा बल्ला, अधिवक्ता शशिकांत, संजय, संदीप, रामकुमार पांचाल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सेक्टर-5 हुडा मैदान से सेक्टर-82 कार्यक्रम स्थल के लिए सुबह 9 बजे रवानगी

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह में पहुंचने के लिए व्यापारी प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल के नेतृत्व में हजारों लोग तैयार हो चुके हैं। सेक्टर-5 हुडा मैदान से नवीन गोयल काफिले के साथ सेक्टर-82 में रैली स्थल के लिए रवाना होंगे। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सदस्य केन्द्रीय संसदीय बोर्ड एवं केन्द्रीय चुनाव समिति भाजपा डा. सुधा यादव, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों से केंद्र सरकार की ओर से गुरुग्राम में अनेक विकास प्रोजेक्ट पूरे किए गए हैं। द्वारका एक्सप्रेस-वे भी एक ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसके लिए काफी समय से इंतजार था, जो अब खत्म होने जा रहा है। नवीन गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री की रैली के लिए 70-80 बस, करीब 200 गाडि?ं, करीब 4 हजार बाइक वाले युवाओं को तैयार किया गया है।

# फस्ट स्टैप एसएमआर स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

स्वास्तिक न्यूज/ अभिषेक दीवान

सफीदों : नगर के फस्ट स्टैप एसएमआर प्री स्कूल का वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन रामेश्वर दास गुप्ता ने की। स्कूल की प्रिंसिपल अंकिता गर्ग ने आए हुए अतिथियों का बुके देकर अभिनंदन किया। स्कूल के डायरेक्टर अरुण कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे








बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। व छोटे-छोटे बच्चों द्वारा ( एंकरिंग ) मंच संचालन किया गया बच्चों के अभिभावक प्रतिभा देखकर प्रसन्न हुए। इस अवसर पर अध्यापकों को उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि अरविंद शर्मा ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति को भूलकर पश्चिमी संस्कृति को अपना रही है जोकि एक चिंतनीय विषय है। उन्होंने अभिभावकों को कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें व भारतीय संस्कृति के बारे में बतायें, ताकि वह भारत के अच्छे नागरिक बन सके। एक अच्छा विद्यार्थी ही स्वच्छ व समृद्ध समाज का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि भावनात्मक लगाव से ही माता-पिता अपने बच्चों को मनोवैज्ञानिक तौर पर सशक्त बना सकते हैं। हमें बच्चों की आजादी को सीमित नहीं करना बल्कि बाल्यावस्था से ही उनकी सही व गलत की समझ विकसित करनी होगी। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह से नवाजा गया।

**सफीदों विधानसभा में निकाली गई तीर्थ से तीर्थ जोड़कर बाइक यात्रा**

# ऐसे धरोहर को हम सभी ने संजोकर रखना चाहिए : कैप्टन योगेश





स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

सफीदों: विधानसभा में युवाओं द्वारा रविवार को तीर्थ से तीर्थ जोड़ों बाइक यात्रा निकाली गई। बाइक यात्रा की अध्यक्षता भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कैप्टन योगेश कुमार ने की। यात्रा का शुभारंभ्भ भाजपा वरिष्ठ नेता नरेद्र बैरागी ने नारियल तोड़कर किया। बाइक यात्रा का शुभारंभ सफीदों विधानसभा के गांव कालवा तीर्थ से किया गया। जिसके बाद सैकड़ो युवा बाइकों पर भारत माता के जयकारे लगाते हुए आगे बड़े। यात्रा का स्वागत जींद-पानीपत रोड स्थित जामनी चौंक, गांव बुड्ढाखेड़ा बस अड्डा, बहादुरगढ़ बस स्टैंडख, सिल्लाखेड़ी-सिंघाना बस स्टैंड व सफीदों बाईपास पर किया गया। जहां पर दुकानदार व अन्य ग्रामीणों ने कैप्टन योगेश कुमार का फूल मालाओं से स्वागत किया। यात्रा का समापन समारोह सफीदों के ऐतिहासिक नागक्षेत्र तीर्थ पर हुआ। समारोह में युवाओ को नागक्षेत्र मंदिर के इतिहास के बारे में जागरूक किया गया। कैप्टन योगेश कुमार ने संबोधित के दौरान कहा कि सफीदों नागक्षेत्र तीर्थ का इतिहास महाभारत काल में ही नहीं, बल्कि वामन पुराण में भी वर्णित है।

**खबर एक्सप्रेस**

## हत्या के प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जींद स्वास्तिक न्यूज संवादाता।** झांज कलां गांव में राजमिस्त्री द्वारा घर में प्लस्तर करने से मना करने पर हत्या का प्रयास करने के दो आरोपियों को सदर थाना पुलिस ने काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान झांझ कलां गांव निवासी राहुल उर्फ गोलू व कर्मपाल उर्फ सोनू के रुप में हुई है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने अदालत के आदेश पर एक दिन के रिमांड पर लिया है। गांव झांज कलां निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राजमिस्त्री का कार्य करता है। 15 जनवरी की सायं को वह बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। उसी दौरान कार सवार गोलू व उसके साथियों ने उसका रास्ता रोक लिया और मकान में प्लस्तर करने के लिए कहा। जब उसने समय के अभाव की बात कही तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। इसमें उसकोकाफी चोटें आई। सदर थाना पुलिस ने नवीन की शिकायत पर गोलू, सौरभ को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों राहुल उर्फ गोलू व कर्मपाल उर्फ सोनू को काबू कर अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## खाटू श्याम भक्तों के लिए पांच दिवसीय भंडारे का आयोजन



**लोहारू, स्वास्तिक न्यूज संवादाता।** फाल्गुन माह में आयोजित होने वाले वार्षिक लक्खी मेले में श्याम बाबा के पवित्र दर्शनों के लिए जा रहे सभी पैदल यात्रियों के लिए उजाडिया मन्दिर कमेटी द्वारा पांच दिवसीय विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। यह भंडारा आगामी 15 मार्च तक चलेगा। भंडारे का शुभारंभ रविवार को हवन यज्ञ के साथ किया गया। इससे पूर्व प्रदीप सैनी ने दीप प्रज्वलित किया और सोमवीर भगत मलवाना धाम ने फीता काटकर इस भंडारे की विधिवत शुरूआत की। मलवाना धाम के महंत सोमवीर भगत ने कन्याओं को अपने हाथों से भोजन करवाया। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छी पहल है सभी को तीर्थ यात्रियों के लिए सहयोग करना चाहिए।तीर्थयात्रियो की सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा सामाजिक व धार्मिक सद्भाव भी बढ़ता है। प्रदीप सैनी ने नगरवासियों से इस भंडारे में अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकालकर तन मन या धन किसी भी रूप में अवश्य सहयोग करने की अपील की। भंडारे के शुभारंभ अवसर पर कमेटी सचिव सुरेश रोहिल्ला, सुभाष सैनी, राजेन्द्र शर्मा, रोहताश, महेंद्र शर्मा, बाबूलाल बड़सीवाल, पप्पू बड़सीवाल, अजय शर्मा, उमेद जांगिड़, लाला गुप्ता, करण गुप्ता, अशोक, तेजाराम आदि उपस्थित रहे ।

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदला मौसम का मिजाज, 13 मार्च तक रहेगी बादलवाई

**लोहारू, स्वास्तिक न्यूज संवादाता।** पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण लोहारू क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला है।



रविवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण आसमान में बादलों का जमावड़ा देखने को मिला। हाल में क्षेत्र के किसान सरसों की कटाई करने में व्यस्त हैं ऐसे में मौसम के बदलते मिजाज ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। एक तो पहले ही किसानों की सरसों की फसल हलके में काफी जगहों पर ओलावृष्टि से प्रभावित हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी 13 मार्च तक बादलवाई रहने की संभावना है जिसके प्रभाव से कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि हर बार प्राकृतिक आपदा का कहर किसान को ही झेलना पड़ता है। इस बार विशेष रूप से सरसों की फसल में मरगोजा यानी ओरोबंकी परजीवी खरपतवार बढ? जिले भर में कुल 3. 42 लाख एकड़ में सरसों की फसल में करीब 35 प्रतिशत सरसों की फसल में नुकसान का आंकलन है। वहीं बहुत से क्षेत्रों में अधिक कोहरे के कारण सरसों का डंठल गल गया जिसके कारण सरसों में दाना ठीक से नहीं पड़ा। इसके कारण किसानों की करीब 70 फीसदी सरसों की फसल खराब हो चुकी है। वहीं विगत सप्ताह में हलके के बहुत से क्षेत्रों में ओलावृष्टि की मार भी किसानों पर पड़ चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी 13 मार्च तक बादलवाई रहने की संभावना है। इस दौरान बहुत से जिलों में हल्की बरसात होने की भी संभावना बताई जा रही है। प्राकृतिक आपदा की मार किसानों की चिंता को बढ़ा रही है। किसान ओलावृष्टि से चिंतित दिखाई दे रहे हैं। कृषि मौसम वैज्ञानिक देवीलाल सहारण कृषि विज्ञान केंद्र भिवानी ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के एक बार फिर से सक्रिय होने के कारण आगामी 13 मार्च तक बादलवाई देखने को मिलेगी जिसके कारण हल्की व मध्यम गति से हवाएं भी चलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण 13 मार्च तक एनसीआर क्षेत्र में हल्की व मध्यम बरसात होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि हाल में अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री बना हुआ है। आने वाले दो ती दिनों में तापमान में और गिरावट आ सकती है।

# बिना भेदभाव के प्रत्येक घर मे नौकरी देने का है लक्ष्य : विजयपाल सिंह

स्वास्तिक न्यूज/ अभिषेक दीवान

नगर के गांव बनिया खेड़ा, पाजू कलां व जामनी में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर बतौर मुख्य वक्ता भाजपा के सोनीपत लोकसभा के ओबीसी मोर्चा के प्रभारी व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने शिरकत की।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विजयपाल सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया व उनके समर्थन में नारे लगाकर उनका अभिवादन किया।

इस मौके पर एडवोकेट विजय पाल सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे पिछले लगभग 32 सालों से आप लोगों के बीच सेवा कर रहे हैं, वैसे तो पूरा भारतवर्ष उनकी मातृभूमि है लेकिन सफीदों उनकी जन्मभूमि है इसलिए यहां के लोगों से उनका विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब से सत्ता में आई है तब से प्रदेश के किसी भी नागरिक से नौकरियों





में भेदभाव नही किया जा रहा है।

पूर्व की घोटेलेबाज सरकारों में नौकरी के घोटाले की भरमार थी जिसको भाजपा ने खत्म करके प्रत्येक घर में नौकरी देने का लक्ष्य रखा है जो पूरा भी हो रहा है।

पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियां देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना यह केवल मोदी सरकार में ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले कुछ सालों के दौरान ही देश विकासशील की पंक्ति से निकलकर विकसित देशों की पंक्ति में शामिल हो जाएगा जिसके लिए मोदी जी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं

उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा के चुनाव अत्यंत समीप हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अबकी बार 400 पार का नारा हम सब ने मिलकर पूरा करना है जिसके लिए हो व्यापक तौर पर एक रणनीति बनाई गई है पार्टी के प्रत्येक के कार्यकर्ता कि यह जिम्मेदारी भी बनती है कि पार्टी की नीतियां व विचारधारा प्रत्येक जनमानस तक पहुंचाएं ताकि एक बार फिर हरियाणा की दसों की दसों लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी बहुत बड़े बहुमत से जीते।

## नई शुरूआत: अब दाखिलों के लिए डोर-टू-डोर जाएंगे मास्टर जी, चलाई जाएगी ये विशेष मुहिम

वास्तिक न्यूज संवादाता

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के एडमिशन बढ़ाने और ड्राप-आउट रेट कम करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा विशेष मुहिम चलाई जाएगी। अप्रैल में शुरू होने वाले नये शैक्षणिक सत्र के दौरान स्कूल स्टाफ प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर डोर-टू-डोर जाकर अभिभावकों को जागरूक करेगा ताकि वे अपने बच्चों का स्कूलों में एडमिशन करवाएं। 23 मार्च से प्रवेश उत्सव अभियान की शुरूआत होगी। नया शैक्षणिक सत्र पहली अप्रैल से शुरू होगा। शिक्षा विभाग ने नये सत्र के दौरान दाखिला ग्राफ बढ़ाने वाले स्कूलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पत्र से सम्मानित करने फैसला लिया है। पहली से पांचवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं खत्म होते ही स्कूल मुखिया के साथ शिक्षक और अन्य स्टाफ घर-घर दस्तक देगा। शिक्षा विभाग की ओर से जीरो ड्राप-आउट लक्ष्य रखा है। इसमें 100 फीसदी नामांकन वाले स्कूल के साथ 30 मई तक ठहराव सुनिश्चित किया है। 30 फीसदी दाखिला ग्राफ बढ़ाने वाले स्कूलों को विभाग की ओर से स्वर्ण पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। 20 फीसदी नामांकन करने वालों को रजत और 15 फीसदी नामांकन बढ़ाने वाले स्कूलों को कांस्य पदक से नवाजा जाएगा। शिक्षा विभाग ने परिवार पहचान पत्र के आधार पर ड्राप आउट बच्चों का डाटा तैयार किया है।

# गुलशन ढाबा के सामने शराब कारोबारी की अंधाधुंध फायरिंग कर की हत्या

स्वास्तिक न्यूज संवादाता

**सोनीपत:** मृतक की पहचान गांव सरगथल के सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा के रूप में हुई है। कारोबारी स्कॉर्पियो पर सवार था। अज्ञात हमलावरों ने करीब पौने नौ बजे अंधाधुंध फायरिंग की। पुलिस टीम मौके पर जांच करने में जुटी है। हरियाणा के सोनीपत में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के सामने मुरथल स्थित गुलशन ढाबे पर स्कॉर्पियो गाड़ी सवार शराब कारोबारी की अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी। हमलावरों ने इस दौरान करीब 20 से 25 राउंड फायर किए हैं। सूचना के बाद एसीपी संदीप धनखड़ और मुरथल थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से गांव सरगथल फिलहाल आईटीआई चौक के पास रहने वाले शराब कारोबारी सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा (36) रविवार सुबह करीब पौने नौ बजे मुरथल स्थित गुलशन ढाबा परिसर में मौजूद थे। उसी दौरान आए हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने करीब 20 से 25 राउंड फायर किए हैं। संदीप मलिक की मौके पर ही मौत हो गई। ढाबा संचालक ने पुलिस को मामले से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। भाऊ गैंग के सरगना हिमांशु रिटोली ने सोशल मीडिया सुंदर की हत्या की जिम्मेदारी ली है। भाऊ गैंग के सरगना ने लिखा कि सुंदर अपने आपको बड़ा बदमाश मानता था, इसलिए उसकी हत्या करवाई है। सोशल मीडिया पर हमारे खिलाफ बोलता था। रोहतक के गांव रिटोली का रहने वाला हिमांशु उर्फ भाऊ अमेरिका में बैठकर गैंग चला रहा है। मातूराम हलवाई फायरिंग मामले भाऊ गैंग के कई शार्प शूटरों को सोनीपत एसटीएफ गिरफ्तार कर चुकी है

**चंडीगढ़ में हो गई लोकसभा चुनाव की तैयारियां**

# विजय एन. जादे ने बैठक कर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया

स्वास्तिक न्यूज संवादाता

**चंडीगढ़।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की चल रही तैयारियों के तहत श्री विजय एन. जादे, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की अध्यक्षता में चुनाव संबंधी जब्ती के लिए यू.टी गेस्ट हाऊस सेक्टर 6 में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में उपायुक्त सह जिला चुनाव अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़, आयकर विभाग, केंद्रीय और यूटी जीएसटी प्राधिकरण, चंडीगढ़ पुलिस, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल ,केंद्रीय एजेंसियों के विभिन्न राज्य नोडल अधिकारी , बैंक, डाक विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो आदि के अधिकारी मौजूद रहे। श्री जादे ने सभी राज्य नोडल अधिकारियों को आगामी आम चुनाव, 2024 के संबंध में अपनी टीमों के सभी अधिकारियों को संवेदनशील बनाने का निर्देश दिया। चुनाव विभाग, यू.टी.चंडीगढ़ ,की तकनीकी टीम ने चुनाव संबंधी जब्ती के लिए जिम्मेदार सभी राज्य नोडल अधिकारियों को ईसीआई के नवीनतम ऐप, "चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली" पर एक लाइव डिमॉन्सट्रेशन दिया। प्रदर्शन के बाद, राज्य नोडल अधिकारियों द्वारा ऐप के बारे में सभी प्रश्नों के उत्तर दिए गए। श्री जादे ने सभी राज्य नोडल अधिकारियों को नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातुओं, मुफ्त वस्तुओं आदि से संबंधित जब्ती रिपोर्ट दैनिक आधार पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। श्री जादे ने सभी संबंधित राज्य नोडल अधिकारियों को मतदान की तारीख से पहले आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद फ्लाइंग स्क्वाड टीमों और स्टैटिक सर्विलेंस टीमों की नियुक्ति सहित सभी आवश्यक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

**राजनीति**

**जींद में 20 लाख की फिरौती मांगने वाले काबू**

# स्कूल ड्रेस दुकानदार को देकर गए थे पर्ची, दी थी जान से मारने की धमकी

स्वास्तिक न्यूज संवादाता

**जींद:** नरवाना में एक दुकानदार से 20 लख रुपए की फिरौती के मामले में सीआईए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया । 6 मार्च को दोनों आरोपी दुकान में घुसकर 20 लाख रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे ।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिसार के शेखपुरा निवासी सूरज उर्फ बीन तथा विकास उर्फ कालिया के रूप में हुई है। नरवाना के दुकानदार प्रमोद कुमार ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नरवाना रोड पर स्कूल ड्रेस की दुकान है ।

6 मार्च को उसका बेटा लक्ष्य दुकान पर बैठा था कि दो युवक मुंह ढक कर दुकान में आए । एक युवक दुकान के गेट पर खड़ा हो गया, जबकि दूसरा काउंटर पर आकर लक्ष्य को एक पर्ची देते हुए कहा कि 20 लख रुपए का इंतजाम करने और न करने पर गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गया ।

## किया गया सीआईएस टीम का गठन

शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई । सीआईएस की टीम का गठन किया गया । सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह की टीम ने लोकेशन के जरिए आरोपियों की तलाश कर घसों गांव के पास से दोनों आरोपियों को काबू कर लिया । आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड लिया जाएगा और पूछताछ की जाएगी ।




## गठबंधन सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी हैं : अभय सिंह चौटाला

स्वास्तिक न्यूज संवादाता।

**नूंह:** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव व ऐलनाबाद से विधायक अभय सिंह चौटाला ने रविवार दोपहर को बडकली चौक नगीना में हुई परिवर्तन रैली में फिर सुबे की गठबंधन सरकार पर हल्ला बोलते हुए कहा कि वह लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी हैं, उन्होंने फिर दोहराया कि इस राज में किसान, व्यापारी, गरीब,दलित व समाज का हर वर्ग हताश निराश हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपके सिर्फ वोट लिए और उसके बाद सत्ता में आने के बाद मेवात की पूरी तरह से अनदेखी की और सिर्फ प्रदेश में लूट खसोट करने के सिवा कुछ नही किया है। उन्होंने कहा कि इनेलो की सरकार बनने पर पहली कलम से मेवात में विश्वविद्यालय, मेवात कैनाल, चण्डीगढ राजधान में आधुनिक सुविधाओं से लैस मेवात भवन आदि मांगे पूरी कराई जायेगी।

स्वास्तिक न्यूज पेपर के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दिवान द्वारा बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रैस, प्लॉट न. 42-43, सेक्टर 29, पानीपत-132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय गागड़ा मोहल्ला, मेन बाजार, वार्ड न. 8, सफीदों शहर शहर-126112 हरियाणा से जारी। सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दिवान। मो. 94160-73460, समाचार से सम्बन्धित सभी विवादों का कार्यक्षेत्र सिर्फ सफीदों अदालत में होगा। RNI Reg. No. HARHIN/11380 Email swastiknewssafidon@gmail.com

राजनीति

## हरियाणा में लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका

# सांसद बृजेंद्र सिंह ने BJP को दिया इस्तीफा, कांग्रेस में हुए शामिल

**हरियाणा स्वास्तिक न्यूज संवादाता।**
**हरियाणा डेस्क :** हरियाणा में लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे है। इससे पहले बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ दी है। उन्होंने कांग्रेस ज्वॉइन कर ली है। कांग्रेस जॉइनिंग के बाद बृजेंद्र सिंह ने कहा-" मैं आज भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस ज्वाइन कर रहा हूं। मैं पार्टी के पूरे नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ साथ मैं ये जरूर करना चाहूंगा कि कुछ राजनीतिक ऐसे कारण थे, जिसके कारण मुझे ये निर्णय लेना पड़ा। किसानों के कुछ ऐसे मुद्दे थे, जिसको लेकर में भाजपा में असहज था। मजबूरी में मुझे ये फैसला लेना पड़ा।"

### बृजेंद्र ने सोशल मीडिया पर कहा- मैंने इस्तीफा दिया

हिसार से भाजपा सांसद चौधरी बृजेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'मैंने राजनीतिक कारणों से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मुझे हिसार के संसद सदस्य के रूप में सेवा करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं।कांग्रेस जॉइनिंग के बाद बृजेंद्र सिंह ने कहा-" मैं आज भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस ज्वाइन कर रहा हूं। मैं पार्टी के पूरे नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ साथ मैं ये जरूर करना चाहूंगा कि कुछ राजनीतिक ऐसे कारण थे, जिसके



कारण मुझे ये निर्णय लेना पड़ा। किसानों के कुछ ऐसे मुद्दे थे, जिसको लेकर में भाजपा में असहज था। मजबूरी में मुझे ये फैसला लेना पड़ा।" हिसार से भाजपा सांसद चौधरी बृजेंद्र सिंह ने सोशल मीडियापर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'मैंने राजनीतिक कारणों से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मुझे हिसार के संसद सदस्य के रूप में सेवा करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं। हालांकि अभी उनके पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने को लेकर कोई जानकारी नहीं आई है। बता दें कि पिता-पुत्र लगातार हरियाणा में भाजपा को जजपा से गठबंधन तोड़ने की बात कर रहे थे। इस्तीफे की घोषणा करने के बाद बृजेंद्र सिंह अपने पिता बीरेंद्र सिंह के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर पहुंच चुके हैं।हरियाणा को लेकर भाजपा उम्मीदवारों की अभी कोई लिस्ट नहीं आई है, लेकिन चर्चा यह है कि पहली लिस्ट में 6 उम्मीदवारों के नाम फाइनल हो चुके हैं। जिसमें बृजेंद्र सिंह की टिकट कटने या फिर उनकी इच्छा के मुताबिक सीट न मिलने की बात सामने आ रही है। इन हालातों को देखते हुए बृजेंद्र ने भाजपा छोड़ने का फैसला लिया।

### बृजेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद JJP का रास्ता साफ

बृजेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा की हरियाणा में सरकार की सहयोगी जजपा का रास्ता अब साफ हो गया है। सूत्रों के मुताबिक अब भाजपा हरियाणा में गठबंधन की सहयोगी जजपा को एक लोकसभा सीट दे सकती है। संभावना है कि हिसार लोकसभा सीट से जजपा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को उम्मीदवार बनाया जाए। हालांकि जजपा के नेता अभी तक गठबंधन को लेकर संशय में है, इसकी वजह यह है कि अभी तक भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से इसको लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिए गए हैं।

## खबर एक्सप्रेस

### सर्वे में खुलासा: जेल रेडियो से कैदियों के जीवन में आया क्रांतिकारी बदलाव, मानसिक तनाव से हुए मुक्त

**स्वास्तिक न्यूज संवादाता करनाल:** कैदियों के जीवन में जेल रेडियो क्रांतिकारी बदलाव लाने में सहायक साबित हुआ है। 74 प्रतिशत कैदियों के मानसिक तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों से निपटने में सहायता मिली है। इसके अलावा कैदियों द्वारा आक्रामकता और अनुशासनहीनता के मामलों में कमी आई। साथ ही कैदियों और जेल कर्मचारियों के बीच विवाद के मामले कम हुए हैं। कैदी जेल में सबसे ज्यादा भक्ति संगीत, इसके बाद रोमांटिक गीत, तीसरे नंबर पर देशभक्ति गीत सुनना पंसद कर रहे हैं। तिनका तिनका फाउंडेशन द्वारा हाल ही में जिला जेल करनाल में कराए गए एक सर्वे में ये बातें सामने आई हैं। इस सर्वेक्षण में जेल से 50 बंदियों (25 पुरुष और 25 महिलाएं) ने भाग लिया। सर्वे की समयावधि 1 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक थी। 52 प्रतिशत कैदियों का मानना है कि जेल रेडियो ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। 26 प्रतिशत कैदियों का मानना है कि 2021 में जेल रेडियो के लांच के बाद से कैदियों और जेल कर्मचारियों के बीच विवाद के मामले कम हुए हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचे 14854 मामले, इन मामलों का हुआ निपटान

**स्वस्तिक न्यूज संवादाता, अंबाला:** जिला न्यायालय अंबाला और सब डिवीजन, नारायणगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगी। इस मौके पर हरियाणा राज्य सेवा प्राधिकरण सदस्य सचिव सुभाष मेहला भी मौजूद रहे। उन्होंने लोक अदालत में जाकर वहां व्यवस्थाओं, आने वाले पीड़ितों और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। वहीं लोक अदालत की अध्यक्षता जिला और सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन माही ने की। इस लोक अदालत में कुल सात बेंच लगाए थे, जिसमें सभी प्रकार के केस में खासकर चेक संबंधित केस, पारिवारिक मामलों के केस, आपराधिक किस्म के केस, वाहन मोटर अधिनियम के केस, चालान, फौजदारी, व दीवानी मुकदमें रखे गए। इस लोक अदालत में जिला अंबाला और सब डिवीजन नारायणगढ़ की सात अदालतों में स्पेशल बेंच बनाकर लोक अदालत का आयोजन किया। इसमें कुल 14854 मामले रखे और 10641 मुकदमों का निपटारा हुआ। मोटर यातायात दुर्घटना के मुकदमों में एक करोड़ 31 लाख 15 हजार की धनराशि का निपटारा हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 1616 केस रखे, जिनमें से 1413 केसों का निपटारा हुआ। अपराधिक किस्म के 413 केस रखे, जिनमें से 252 केसों का निपटारा हुआ, इलेक्ट्रिसिटी के 421 केस रखे गए जिनमें से 353 केसों का निपटारा हुआ, लेबर के 12 केस रखे गए जिनमें से 2 केसों का निपटारा हुआ, मोटर वाहन दुर्घटना के 116 केस रखे गए जिनमें से 40 केसों का निपटारा हुआ, वैवाहिक किस्म के 131 केस रखे गए जिनमें से 86 केसों का निपटारा हुआ, चेक बाउंस के 643 केस रखे गए जिनमें से 574 केसों का निपटारा हुआ, अन्य दीवानी किस्म के 497 केस रखे गए जिनमें से 256 केसों का निपटारा हुआ, रेवेन्यू किस्म के 2280 केस रखे गए जिनमें से 2204 केसों का निपटारा हुआ वा अन्य किस्म के 8725 केस रखे गए जिनमें से 5461 केसों का निपटारा हुआ।

### कांग्रेस में शामिल होने के बाद हुड्डा से मिलने पहुंचे बृजेंद्र सिंह



**स्वास्तिक न्यूज संवादाता,दिल्ली :** हिसार से सांसद बृजेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल होने के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिलने पहुंचे। वह उनके आवास पर मुलाकात करने पहुंचे। प्रदेशाध्यक्ष उदयभान भी मौजूद रहे। बता दें कि हरियाणा में हिसार से सांसद बृजेंद्र सिंह के भारतीय जनता पार्टी छोड़ने पर बवाल मचा हुआ है। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सीएम ने भी तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ( ) पर लिखा है कि दर-दर पे जाकर दुआ बदलते हैं, लोग खुद नहीं बदलते, खुदा बदलते हैं। उससे पहले शनिवार को डिप्टी सीएम ने एक सभा के दौरान चौधरी बीरेंद्र सिंह पर हमला बोला था। उन्होंने बीरेंद्र सिंह की धमकी पर तंज कसते हुए उन्हें 'तारीख पर तारीख' देने वाला नेता बताया था। बृजेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा की हरियाणा में सरकार की सहयोगी जजपा का रास्ता अब साफ हो गया है। सूत्रों के मुताबिक अब भाजपा हरियाणा में गठबंधन की सहयोगी जजपा को एक लोकसभा सीट दे सकती है। संभावना है कि हिसार लोकसभा सीट से जजपा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को उम्मीदवार बनाया जाए। हालांकि जजपा के नेता अभी तक गठबंधन को लेकर संशय में है, इसकी वजह यह है कि अभी तक भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से इसको लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिए गए हैं।

### पीएम नरेंद्र मोदी रेलवे की करोड़ों रुपए की नई योजनाओं का करेंगे शुभारंभ

**स्वास्तिक न्यूज संवादाता, अंबाला:** देश के पीएम नरेंद्र मोदी 12 मार्च को रेलवे की करोड़ों रुपए की नई योजनाओं का शुभारंभ करेंगे तो वही दूसरी तरफ इन परियोजनाओं पर करीब 85 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी नई चलाई जाने वाली वंदेभारत ट्रेनों को भी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अंबाला डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि 12 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी कई योजनाओं का शुभआरम्भ करेंगे।



अंबाला डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि पिलखनी से सानिवाल तक का 182 किलोमीटर का निर्माण कार्य होना है, जिसकी कुल लागत 5 हजार 522 करोड़ है। इसी तरह 250 जगह प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खोले जाएंगे, जिसकी कुल लागत है करीब 250 करोड़ है। वहीं 975 लोकेशन पर सोलर पावर स्टेशन बनाए जा रहे हैं। जिसकी कुल लागत 215 करोड़ रुपए है। इसके अलावा 235 रेल कोच रेस्टोरेंट बनाए जा रहे हैं। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी 10 नई वंदेभारत ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और इसके अलावा 4 वंदेभारत ट्रेनों का सेवा में विस्तार किया गया है। डीआरएम ने बताया कि इसके अलावा 4 नई पैसेंजर ट्रेनों को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# 2 मासूमों की हत्या के मामले में कलयुगी मां भी गिरफ्तार

**स्वास्तिक न्यूज संवादाता**
**सोनीपतः** दो मासूम बच्चों की हत्या के मामले में पुलिस ने कलयुगी मां को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार महिला रूबी सोनीपत के आदर्श नगर की रहने वाली है। बीती 22 फरवरी को रूबी ने अपने दो मासूम बच्चों के गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया था, लेकिन जब शक के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ था कि महिला रूबी ने ही अपने प्रेमी नितिन के साथ मिलकर साजिश रची थी। पुलिस ने मामले में आरोपी नितिन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल पुलिस ने महिला रूबी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर महिला को जेल भेज दिया है।






### 21 फरवरी को अपहरण की दी थी शिकायत

मिली जानकारी के अनुसार रूबी ने 22 फरवरी को पुलिस को बताया था कि उसका पति से सात साल पहले तलाक हो चुका है। वह अपने 10 वर्षीय बेटे वंश और 7 वर्षीय बेटे यश के साथ रहती है। 21 फरवरी को वह दोनों बेटों को मशद मोहल्ला स्थित स्कूल में छोड़कर काम पर चली गई थी। शाम को घर आई तो दोनों बेटे नहीं मिले। स्कूल में पता करने पर जानकारी मिली कि दोनों बच्चे स्कूल से घर जा चुके हैं। उसने शक जताया था कि उनके बच्चों का किसी ने अपहरण कर लिया है। जिस पर पुलिस ने 22 फरवरी को अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था।

### प्रेमी ने की थी भागने की कोशिश

पुलिस असल में बच्चों के लापता होने के बाद छानबीन में लगी तो शक महिला व उसके प्रेमी पर गया। प्रेमी से पुलिस पूछताछ को पहुंची तो वह छत से छलांग मार कर भागने लगा। इस बीच नीचे गिरने से उसे चोटें आई। पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस कस्टडी में उसे इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस के अनुसार महिला का प्रेमी नितिन दोनों बच्चों यश और वंश को बाइक पर बैठाकर उत्तर प्रदेश के बागपत के खेतों में ले जाया गया। वहां बारी बारी से गन्ने के खेतों में बच्चों की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शवों को जंगल के पास खेतों में फेंक दिया गया। नितिन अपनी प्रेमिका से शादी करना चाहता था। उसे महिला के पहले पति के दोनों बच्चे पसंद नहीं थे। वह उनसे छुटकारा पाना चाहता था। इसी के चलते उसने हत्या की साजिश रची थी।

### पूछताछ के आधार पर हुआ खुलासा

पुलिस ने शक के आधार पर महिला से पूछताछ की तो बताया कि अपने पति से तलाक हो चुका है और वह कबीरपुर के रहने वाले नितिन के साथ प्रेम प्रसंग में है। नितिन बार-बार उसके बच्चों को लेकर यह कहता था कि वह उन्हें जान से मार देगा। महिला रूबी ने अपने आशिक नितिन के साथ मिलकर मेरे बच्चों की हत्या की है। महिला रूबी ने ही तलाक के बाद बच्चों को अपने पास रख लिया था और नितिन को ही बच्चों को दूर ले जाने की बात कही थी, जिसके बाद नितिन ने बच्चों को उत्तर प्रदेश के गोरी पर में गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया था। बच्चों के सुबह को 23 फरवरी को पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया था।

### महाशिवरात्रि पर कुट्टू खाने के बाद 10 लोग पड़े बीमार

**स्वास्तिक न्यूज संवादाता।**
**गुड़गांवः** अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि यहां तीन परिवारों के तीन बच्चों सहित दस लोग महाशिवरात्रि के व्रत के दौरान एक प्रकार का अनाज का आटा या 'कुट्टू' खाने के बाद बीमार पड़ गए। पुलिस ने कहा कि उन्हें तुरंत शहर के एक अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आटा बेचने वाली दुकान से नमूने एकत्र किए हैं। राजीव नगर निवासी हंसराज कसाना की शिकायत के अनुसार, महाशिवरात्रि व्रत के चलते पड़ोस की एक किराना दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा था। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसका बेटा नितिन, बहू सोनम और मां राजवती पकौड़ी खाने के बाद बीमार पड़ गए, जिसके कारण उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा, "पड़ोस में रहने वाले दो अन्य परिवारों के तीन बच्चों सहित सात लोग भी कुट्टू का आटा खाने के बाद बीमार पड़ गए। डॉक्टरों ने कहा है कि यह फूड पॉइजनिंग हो सकता है।" शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुकान पर छापा मारकर जांच के लिए नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी डॉ. रमेश चौहान ने कहा, "हमारी टीम ने जनरल स्टोर से कुट्टू के आटे, चीनी और शहद के नमूने एकत्र किए। नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।"

## ई लाइब्रेरी का युवाओं को मिला लाभ, टोहाना के 10 युवाओं की लगी सरकारी नौकरी

**स्वास्तिक न्यूज संवादाता**
**टोहाना :** हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई ई लाइब्रेरी योजना का सकारात्मक परिणाम सामने आने लगा है, जिसके चलते टोहाना के गांव डुलट में 10 युवाओं का सरकारी नौकरी में सिलेक्शन हुआ है जिसके चलते गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुखविंदर सिंह और अन्य ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों के अनुसार इस ई लाइब्रेरी के बनने के बाद सैकड़ों की संख्या में युवा पढ़ाई करने के लिए आते हैं, जिसका उन्हें लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुखविंद्र



की मानें तो हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में पहली लाइब्रेरी गांव डूल्ट में खोली गई थी, जो पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। वहीं नौकरी में चयनित हुए युवा मुकेश ने बताया कि उसने गांव की लाइब्रेरी में पढ़ाई की और आज सरकारी नौकरी लगी है। उसने बताया कि उसके ग्रुप सी के भी पेपर पास हुए हैं, जिसमें उसकी इंस्पेक्टर लेवल पर ज्वॉइन होने की उम्मीद है। उसने बताया कि गांव में लाइब्रेरी होने से ही यह सब लाभ मिल रहा है।

## लोकसभा चुनाव में बीजेपी-जेजेपी का गठबंधन रहेगा या नहीं?

**स्वास्तिक न्यूज संवादाता**

**उचाना:** डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने रजबाहा रोड स्थित जजपा कार्यालय में हलका जोन प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक के उपरांत आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा की 10 की 10 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले बीरेंद्र सिंह के बयान पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एक साल हो गया। उन्होंने पहले धमकी दी थी। गठबंधन नहीं तोड़ोगे तो पार्टी छोड़ दूंगा। एक साल से तो उन्होंने पार्टी नहीं छोड़ी। मुझे नहीं लगता देश-प्रदेश में ऐसा कोई राजनेता है जो सन्नी देओल के फिल्म में तारीख पे



तारीख दिया करते थे। उस तरीके से सिर्फ अल्टीमेटम पर अल्टीमेटम दे रहे हैं। उन्हें निर्णय करना है तो निर्णय अपने राजनीतिक तौर पर करें। जजपा की चिंता छोड़ दें। हमारा गठबंधन रहेगा तो मजबूती के साथ रहेगा। साढ़े चार साल में मुझे नहीं लगता हरियाणा की तरक्की में हमने कोई कसर छोड़ी है। उन्होंने कहा कि उचाना के अंदर विकास क्यों हुआ। उनके समय में उचाना कितना पिछड़ा था। आज कितना आगे बढ़ गया। हलके के विकास की भड़ास को गठबंधन पर निकालते हैं। गठबंधन सरकार ने बड़े अच्छे तरीके से हरियाणा प्रदेश का हर क्षेत्र में विकास किया। रजबाहा रोड स्थित जजपा कार्यालय में आयोजित हलका जोन प्रभारियों के साथ बैठक में दुष्यंत ने संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ संगठन की नीतियों के साथ-साथ जो-जो काम जजपा घोषणा पत्र के अब तक हुए हैं, उन कामों को जन-जन तक पहुंचाने के दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने जोन प्रभारियों से सुझाव भी मांगे।

समाज सेवा

### रक्तदान शिविर में 135 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

# रक्तदान करना अपने आप में महादान है

**स्वास्तिक न्यूज/ विशाल**
**सफीदों:** भारत विकास परिषद् एवं हमारा परिवार सफीदों के संयुक्त तत्वावधान में नगर के अभिनव अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप अध्यक्ष डा. नरेश वर्मा ने की। इस मौके पर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय बिट्टा विशेष रूप से मौजूद थे। डा. नवदीप दूहन व डा. सोनिया लांबा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। शिविर में करीब 135 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि रक्तदान करना अपने आप में महादान है। रक्तदान करके किसी की जान बचाकर उसे जीवन दान दिया जा सकता है। रक्तदान से किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि रक्तदान करने से किसी भी तरह की कोई कमजोरी नही आती। रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर का संतुलन बना रहता है, हमारे शरीर से कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को सामाजिक दायित्व निभाते हुए रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

इस पुनित कार्य में युवाओं को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मनीष वर्मा, विनय खर्ब, डा. मनोज रोहिल्ला, जसबीर मलिक, विनय खर्ब, संजीव पुडीर, राजेंद्र सिंगरोहा, डा. गिरिश मनचंदा, बलजीत सिंह लांबा, मनोज शर्मा, डा. हरीश शर्मा, अमन रोहिल्ला, सतपाल, प्रवीन कुमार, रामनिवास, महावीर शर्मा, जयपाल सांगवान, डा. लक्ष्य वर्मा विशेष रूप से मौजूद थे।

### मां से झगड़ा होने पर युवक ने कमरे में लगाई आग,मां की मौत

**स्वास्तिक न्यूज संवादाता**
**गुडगांवः** सदर थाना एरिया में मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने अपनी मां से झगड़ा करने के बाद अपने कमरे में आग लगा दी। जिसमें युवक की मां की झुलसने से मौत हो गई। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल, कोलकाता के आशीष शाह अपनी 59 वर्षीय पत्नी रानू शाह और 26 वर्षीय बेटे के साथ विपुल ग्रीन सोसायटी के टावर नंबर तीन के चौथी फ्लोर पर बने फ्लैट में रहते हैं। एचसीएल से रिटायर आशीष एक सप्ताह पहले निजी काम से कोलकाता गए थे। उनका बेटा मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसका कई साल से इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि उसका अपनी मां से कुछ दिनों से झगड़ा हो रहा था।